# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 14 अक्टूबर. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं।**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं**

**जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे**

इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में कुल 156 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अवैध कब्जा दिलाए जाने के दिए निर्देश:** जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बोरगांव निवासी सद्दू ने अनावेदक द्वारा खेत पर आने जाने का रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को प्रकरण की जांच करने निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम सलैया निवासी ज्योति चौकीकर ने आवेदन के माध्यम से जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी



ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम कान्हावाड़ी निवासी रैमाबाई ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई कर प्लाट से अवैध कब्जा दिलाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम माहोली निवासी अर्जुन यादव ने राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील निवासी रामदास ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम कोठिया निवासी ग्राम वासियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थान पर ही किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमएचओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई निवासी सुमित्रा ने अधूरे निर्माण कार्य की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई सीएमओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम लोहारिया निवासी मनीष सोलंकी ने राशन कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम माहोली निवासी अर्जुन यादव ने राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील निवासी रामदास ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम कोठिया निवासी ग्राम वासियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थान पर ही किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमएचओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### राशन कार्ड बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम डहरगांव निवासी नरेंद्र ने अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई निवासी सुमित्रा ने अधूरे निर्माण कार्य की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई सीएमओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम लोहारिया निवासी मनीष सोलंकी ने राशन कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम कोल्हिया के ग्रामीणों ने पट्टा दिए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## एक नजर में

### गुजरात से घर लौटे युवक ने लगाई फांसी

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुवालखापा में गुजरात से 2 साल बाद घर लौटे युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। दुनावा पुलिस चौकी मैं पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश बरडे ने बताया ग्राम बुवालखापा निवासी काशीराम परते का पुत्र रोहित 20 साल गुजरात में कंपनी में काम करता था। बीते सप्ताह रोहित 2 साल बाद घर आया था। सोमवार सुबह रोहित के माता-पिता खेत चले गए थे। रोहित घर पर अकेला था। रात में रोहित के माता-पिता खेत से घर आए तो उन्हें घर का दरवाजा बंद मिला। रोहित को आवाज देने पर उसने दरवाजा नहीं खोला तो काशीराम ने दरवाजा खोला। घर के अंदर जाकर देखा तो रोहित लकड़ी की मयाल पर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। काशीराम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके का पंचनामा बनाकर मंगलवार सुबह रोहित के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौपा है।

### ट्रेन से कटकर बिहार के युवक की मौत

**मुलताई।** भोपाल नागपुर रेल्वे ट्रेक पर मुलताई जौलखेड़ा रेलवे स्टेशन के बीच डाउन ट्रेक पर सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर ट्रेन कि चपेट में आने से बिहार के एक युवक की मौत हो गई। रेल कर्मचारी कि सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया है। सहायक उपनिरीक्षक एमएल गुप्ता ने बताया ग्राम मानसी फगानों जिला खग?िया बिहार निवासी युवक पंकज चौधरी 40 साल किसी एक्सप्रेस ट्रेन के गेट पर बैठकर सफर कर रहा होगा, रात्रि में अचानक नीद की झपकी आने पर डाउन ट्रेक पर खंबा नंबर 891/2 के समीप ट्रेन से गिर गया, ट्रेन कि चपेट में आने से कटकर उसकी मौत हो गई।

### कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ एचएमएस की बैठक आज

**बैतूल।** कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ एचएमएस की मासिक विशेष बैठक आज बुधवार 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शहीद भवन में आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दिनकर साहू करेंगे। बैठक में संघ से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त पत्रों पर विशेष चर्चा की जाएगी।

# समस्या : शहर की शांति भंग होने के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

**मुलताई। नगर वर्तमान में अतिक्रमण की भेट चढा हुआ है, जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनी रही है। सड़के गलियों का रूप ले चुकी है। दुकानें अपनी सीमाओं से 5 से 10 फिट बाहर रोड है।**



**नहीं हटाया जा रहा है अतिक्रमण**

**त्यौहारों के सीजन में बदतर हुई सड़कों की हालत**

जिसके बाद उन दुकानों पर खरीददारी करने आने वाले ग्राहकों के वाहन सडक पर खडे कर दिए जाते है जिसके कारण चार पहिया वाहन छोडे दो पहिए वाहनों का घुसना भी मुश्किल हो जाता है लेकिन प्रशासन को इस स्थिति से कोई लेना देना नही है प्रशासन तो बस शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ केवल कागजों पर मुददे और हल लिखकर संतुष्ट हो जाता है खामियाजा आम जनता को भुगतना पडता है। अतिक्रमण के चलते शहर की सडकों के हालात बद से बदतर हो चुके है। जिसकी जहां मर्जी आ जाए वाहन खडा करके चला जाता है। कई सडकों की हालात तो ऐसी है कई वर्षो से वहां खडे वाहन सरके भी नही है खडे खडे वाहन के टायरों की हवा निकल चुकी है। नपा प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग को आम जनता की इस समस्या से कोई लेना देना नही है।

**अतिक्रमण के कारण हुआ था विवाद:** हाल ही में अतिक्रमण के कारण जगह कम होने से जैन कोल्डिगं रोड पर वाहन विवाद के कारण दो पक्षों में काफी हाथापाई हुए जिसके कारण शहर की शांति कलेक्टर एवं एसपी की सुझबुझ एवं सटीक निर्णयों के कारण बडी घटना घटित होने से बच गई जिसके बाद भी स्थानीय प्रशासन इस संबध में कार्रवाई नही कर रहा है। जिसके कारण आम जनता में काफी रोष है।

> यातायात व्यवस्था सुधारनें के संबंध में पुलिस को निर्देश दिए गए है दीपावली के त्यौहार के पश्चात अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी,** कलेक्टर बैतूल।

# 11 नंबर इकाई लाइटअप, 450 मेगावाट उत्पादन

**सारनी।** पावर प्लांट की 11 नंबर इकाई देर रात्री से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ 10 नंबर इकाई क्षमता के अनुरूप फुल लोड पर चल रही है। सोमवार को अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह के मार्गदर्शन में 11 नंबर इकाई को लाइटप किया गया। इकाई लाइटप होने के कुछ घंटों बाद बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि 11 नंबर इकाई को डिमांड नहीं होने की वजह से बंद रखा गया था। पावर प्लांट की दो बड़ी इकाइयां से बिजली का उत्पादन 450 मेगावाट के आसपास चल रहा है। मंडल सूत्रों



ने कहा कि प्रदेश में बिजली की डिमांड कम ज्यादा होने की वजह से इकाई से बिजली उत्पादन किया जाता है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह ने बताया कि बिजली की डिमांड कम होने की वजह से 11 नंबर इकाई को बंद रखा गया था। डिमांड बढ़ने की वजह से 11 नंबर इकाई को सोमवार लाइटप करने के बिजली का उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक इकाई चलने की वजह से साईलो से राख देने पर कुछ समय के लिए बाहर के वाहनों को राख देने पर रोक लगाई गई थी।

# अपनों से खरीदी करें, देवी-देवताओं का न हो अपमान : लक्ष्मीकांत पांडे

**पाथाखेड़ा।** क्षेत्र में दीपावली के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने समाज से अपना त्योहार, अपनों से व्यवहार का संदेश देते हुए स्थानीय व्यापारियों से खरीदी करने की अपील की है। बजरंग दल के जिला सह मंत्री लक्ष्मीकांत पांडे ने कहा कि दीपावली के दौरान हमें देशी उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल के संदेश को आगे बढ़ाते हुए हर नागरिक को छोटे दुकानदारों कुम्हारों और स्थानीय व्यापारियों से सामान खरीदना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजरंग दल का उद्देश्य किसी धर्म या जाति का विरोध नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक खुशियाँ पहुँचाना है। पांडे ने बताया कि दीपावली पूजा में प्रयोग होने वाले दिए, मिट्टी की मूर्तियाँ, कमल और गेंदे के फूल, पूजा सामग्री आदि स्थानीय बाजार से ही खरीदी जानी चाहिए तथा ऑनलाइन या विदेशी उत्पादों से परहेज़ करना चाहिए। इसके साथ ही बजरंग दल ने आतिशबाज़ी से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी चेतावनी दी है। पांडे ने कहा कि कोई भी पटाखा व्यापारी अपनी दुकान में ऐसे पटाखे न बेचे जिन पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र हों। यह आस्था का विषय है और ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**पाथाखेड़ा।** नगर पालिका परिषद सारनी के क्लस्टर क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। महोत्सव के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं खेल मैदानों में कबड्डी, खो-खो, वालीबॉल, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स जैसी रोमांचक स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिनमें नगर पालिका क्लस्टर क्षेत्र के पंजीकृत खिलाड़ी हिस्सा लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 29 अगस्त से 20 नवंबर तक खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया था। इसी क्रम में पंजीकृत खिलाड़ी आज निर्धारित खेल



स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नोडल अधिकारी के.के. भावसार ने जानकारी दी कि कन्या स्कूल सारनी में खो-खो और कबड्डी, तालकटोरा स्टेडियम में वॉलीबॉल, वर्कर्स क्लब शोभापुर एवं ऑफिसर्स क्लब सारनी में बैडमिंटन, तथा विजय क्रीड़ांगन पाथाखेड़ा में एथलेटिक्स स्पर्धा का आयोजन किया। खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने खेल स्थलों पर पहुँचकर संबंधित खेल शिक्षक या प्रभारी से संपर्क करें। महोत्सव के इस प्रथम चरण में चयनित विजेता खिलाड़ियों को आगामी द्वितीय चरण में अन्य खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# स्व . दत्तोपंत ठेंगड़ी को पुण्यतिथि पर किया नमन

**पाथाखेड़ा।** भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक और राष्ट्र विचार के प्रखर प्रवक्ता स्व. दत्तोपंत जी ठेंगड़ी की पुण्यतिथि 14 अक्टूबर को श्रद्धापूर्वक मनाई। ठेंगड़ी का जन्म 10 नवम्बर 1920 को दीपावली के दिन महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी में हुआ था। वे बाल्यावस्था से ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और डॉ. हेडगेवार के सान्निध्य में आकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने। 1941 में एम.ए. और एल.एल.बी. की शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने केरल, बंगाल और असम में संघ कार्य करते हुए समाज जागरण का बीड़ा उठाया। पूजनीय गुरुजी के प्रेरणा से उन्होंने मजदूर क्षेत्र में प्रवेश किया और 23 जुलाई 1955 को भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। आज यह संगठन देश का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक मजदूर संगठन है। ठेंगड़ी ने उद्योग को परिवार मानने की अवधारणा दी और वामपंथी नारों की जगह राष्ट्रीय दृष्टि वाले नारे दिए देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम। 1964 से 1976 तक वे राज्यसभा सदस्य रहे और विश्व के अनेक देशों में मजदूर आंदोलन का अध्ययन किया। उन्होंने राजनीति से दूरी रखते हुए संगठन निर्माण को ही जीवन लक्ष्य बनाया।

# विश्व मानक दिवस पर विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

**आमला।** विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो नागपुर शाखा, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में सान्दीपनि विद्यालय आमला के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मानक नाटक का मंचन किया और विज्ञान प्रदर्शनी में मानक घर नामक अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया।सात विद्यार्थियों ने किया मानक नाटक का मंचन इस कार्यक्रम में सान्दीपनि विद्यालय के सात



प्रतिभावान विद्यार्थियों दिशा, कोमल, शिखा, त्रिशा, दीपाली एवं तोषी ने मानक विषय पर आधारित सांस्कृतिक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें दैनिक जीवन में मानकों के पालन के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।विद्यार्थियों की प्रस्तुति में समाजिक संदेश और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सुंदर समावेश देखने को मिला। विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यार्थी दीपाली इंदौरकर ने मानक घर मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें घर निर्माण में भारतीय मानकों के उपयोग और सुरक्षा नियमों को रचनात्मक रूप में दर्शाया गया।

# एनआरएमयू ने सभी 9 सीटों पर क्लीन स्वीप किया, राकेश बने सचिव

**आमला। रेलवे इंस्टीट्यूट आमला में सोमवार को हुए बहुप्रतीक्षित चुनाव में नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए प्रतिद्वंद्वी सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन को करारी शिकस्त दी।**

**कोषाध्यक्ष रितेश कुमार ने दर्ज की शानदार जीत**

**मिठाई खिलाकर मनाया जीत का जश्न**

प्रतिष्ठापूर्ण माने जाने वाले इस चुनाव में एनआरएमयू ने क्लीन स्वीप करते हुए पैनल की सभी 9



सीटों पर कब्ज़ा जमाया। मतदान में मुख्य मुकाबला नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन और सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन के बीच देखने को मिला। दोनों ही यूनियनों ने जीत का दावा किया था और मतदान के दौरान जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।हालाँकि परिणामों ने सारी अटकलों को समाप्त करते हुए यह साबित कर दिया कि रेलवे कर्मचारियों का भरोसा अब भी एनआरएमयू के पक्ष में बरकरार है। घोषित परिणामों में सचिव पद पर राकेश चौकीकर ने शानदार जीत दर्ज की, वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रितेश कुमार विजयी रहे।सदस्य पदों पर अनूप गौर, एम.के. ठेपे, पवन मिश्रा, अजय अड़लक, रितेश मानकर, नरेंद्र कुमार कोगे और पवन देशमुख ने बाज़ी मारी।मतदान परिणामों के अनुसार, एनआरएमयू पैनल को 203 वोट मिले, जबकि सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ पैनल को 123 वोट प्राप्त हुए।परिणाम घोषित होते ही रेलवे कॉलोनी का माहौल उत्साह और जोश से भर उठा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाई और जश्न मनाया। पूरे परिसर में लाल सलाम और एनआरएमयू जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे।

**उपलब्धि** | जल संरक्षण में बैतूल ने देशभर में बनाई पहचान

# 13499 जल संरक्षण कार्यों के साथ वेस्टर्न जोन में बैतूल तीसरे स्थान पर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 14 अक्टूबर. जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में जनजातीय बाहुल्य बैतूल जिले ने देश में अपनी पहचान बनाई है।**

**केन्द्र सरकार से मिलेगी 25 लाख की पुरस्कार राशि**

**एडिशनल सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर ने दी बधाई**

केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले



ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान हासिल किया है। इसके लिए जिले को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान भी की जाएगी। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सतत मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के नेतृत्व में जिले ने यह उपलब्धि हासिल की हैं। एडिशनल सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर नेशनल वॉटर मिशन ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई पत्र प्रेषित किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 13499 जल संरक्षण कार्यों का सत्यापन किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सभी कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं। इन कार्यों में खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा, तालाब सौंदर्यीकरण आदि प्रमुख जल संरक्षण गतिविधियाँ शामिल रहीं। जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। इसमें उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। ग्रामीण अंचलों में हजारों कृत्रिम रिचार्ज स्ट्रक्चर और प्रत्येक गाँव में जल संरचनाएँ स्थापित कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए गए। परिणामस्वरूप बैतूल जिले ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है। वेस्टर्न जोन में बैतूल तीसरे स्थान पर आने पर एडिशनल सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर नेशनल वॉटर मिशन ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई पत्र प्रेषित किया है।

# स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 16 अक्टूबर को

**बैतूल।** युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 16 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भीमपुर में आयोजित होगा। इस मेले में बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा भर्ती एवं प्राथमिक चयन प्रक्रिया की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम में उत्पादन और गुणवत्ता रखरखाव के 50 पदों के लिए योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा डिग्री अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक दमन में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिकल हेल्पर के 100 पदों, वर्धमान फैब्रिक बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों तथा आयशर सीआईआई कौशल

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में लगेगा रोजगार मेला**

**रोजगार मेले में आएंगी अनेक कंपनियां**

विकास पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर के 120 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों तथा क्वैस कॉर्प बेंगलुरु में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12 वीं,आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। पुखराज हेल्थकेयर भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 200 पदों के लिए योग्यता 10वीं से स्नातक तथा एनआईआईटी एचडीएफसी एसीई बैंकर में 10वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर होना आवश्यक है। नवभारत फर्टिलाइजर्स भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 51 पदों के लिए योग्यता 12वीं से स्नातक होना अनिवार्य है। सिपेट भोपाल में मशीन ऑपरेट, ट्रेनी के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। जेके बायो एग्रीटेक भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव सेल्स मैनेजर मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8 वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा होना आवश्यक है।